प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी
Pradhan Mantri Awas Yojana-Urban

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी)

के तहत कुष्ठ रोगियों के लिए बन रहे 400 आवासों में चार लाख का अंशदान देगी टाटा कंपनी।

पहल | नगर विकास विभाग की निदेशक विजया जाधव ने पीएम आवास समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की, सरकार भी करेगी सहयोग

टाटा की कंपनियां कुष्ठ रोगियों को निःशुल्क देगी पीएम आवास

जासं, जमशेदपुर : टाटा की कंपनियां सरकार के साथ मिलकर कुष्ठ रोगियों के लिए देवनगर के नवजीवन कुष्ठ आश्रम में बन रहे पीएम आवास के लिए अपना अंशदान देगी, ताकि उन्हें निश्शुल्क आवास मिल सके। घटक तीन के तहत देवनगर कुष्ठ आश्रम में कुष्ठ रोगियों के लिए 400 पीएम आवास का निर्माण कार्य चल रहा है। आवास की लागत लगभग 6.5 लाख रुपये है, जिसमें से 2.5 लाख रुपये सरकार अंशदान दे रही है। चार लाख रुपये लाभुक को देना होता है। चूकि लाभुक कुष्ठ रोगी व गरीब हैं। इस कारण वह चार लाख रुपये वहन नहीं कर सकते। ऐसे में विभाग ने लाभुकों को मुफ्त में आवास उपलब्ध कराने का रास्ता निकाला है।

जमशेदपुर अक्षेस सभागार में पीएम आवास समेत अन्य योजनाओं का समीक्षा करती नगर विकास विभाग की निदेशक विजया जाधव।

शुक्रवार को नगर विकास विभाग की निदेशक विजया जाधव ने पीएम आवास समेत अन्य योजनाओं को लेकर जमशेदपुर अक्षेस सभागार में समीक्षा बैठक की। बैठक में टाटा स्टील के चीफ कारपोरेट रिलेशंस ऋतुराज सिन्हा और टाटा मोटर्स के वरीय पदाधिकारियों को भी बुलाया गया था। इस अवसर पर निदेशक नगरीय प्रशासन निदेशालय (नगर विकास एवं आवास विभाग) विजया जाधव ने सीएसआर के तहत सहयोग करने को कहा। इस पर अधिकारियों ने सहमति प्रकट करते हुए उनकी बात कंपनी प्रबंधन के पास रखने की बात कही। बैठक में जमशेदपुर अक्षेस, आदित्यपुर नगर निगम एवं मानगो नगर निगम में चल रहे प्रधानमंत्री आवास योजना एवं दीनदयाल अंत्योदय राष्ट्रीय आजीविका मिशन के कार्यों के संबंध में जानकारी ली। निदेशक ने सभी संबंधित अधिकारियों, नगर प्रबंधकों एवं नगर मिशन प्रबंधकों को कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत शहरी श्रमिकों का जॉब कार्ड बनाते हुए नगर निकायों में संचालित स्कीम व अन्य विभागों से समन्वय स्थापित कर अकुशल श्रमिक के रूप में काम दिलाने का निर्देश दिया। निदेशक ने कहा कि राशि लेकर पीएम आवास नहीं बनाने वाले लोगों पर जल्द से जल्द से कार्रवाई करें। अगर इस मामले में विभाग का कर्मचारी लापरवाही बरतता है तो उसके खिलाफ भी विभागीय कार्रवाई होगी। बैठक में सहायक निदेशक शैलेश प्रियदर्शी, सहायक निदेशक योगेंद्र प्रसाद, राज्य मिशन प्रबंधक कुमार बम, जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार, मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय, आदित्यपुर नगर निगम के अपर नगर आयुक्त गिरजा शंकर प्रसाद, जमशेदपुर के नगर प्रबंधक रवि भारती, संदीप कुमार, अनव राज, राहुल कुमार, सीएमएम निर्मल कुमार, सलिल तिर्की एवं टाटा मोटर्स के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

6.5 लाख की लागत वाले पीएम आवास में प्रति यूनिट चार लाख रुपये देंगी कंपनियां, 2.5 लाख रुपये सरकार का होगा अंशदान

नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार

Tollfree No.: 1800-120-2929 | Website: www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA